हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, मंगलवार, 1 जुलाई 2025

9 सीएमओ ने पीएचसी साल्हावास का किया औचक निरीक्षण



10 मेले का उद्देश्य भारतीयों को संस्कृति से जोड़े रखना...



## खबर संक्षेप

### केबिनेट मंत्री विज का कुशलक्षेम जाना

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता जसबीर सैनी ने केबिनेट मंत्री अनिल विज से उनके कार्यालय में मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। विज पिछले कई दिनों से पैर की उंगली में तकलीफ के कारण रेस्ट पर थे। उन्होंने दर्द के बावजूद कार्यलय पहुंचकर एक हफ्ते से पेंडिंग जनहित के कार्यों को निपटाया। इसी जज्बे के कारण जनता ने उन्हें लगातार सात बार विधायक बनाया है।

### गांव पेलपा के खेतों से तार चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव पेलपा के खेतों में 220 वॉल्ट एलटी लाइन के 8 स्पैन के तार चोरी हो गए हैं। इसकी शिकायत निगम अधिकारियों ने पुलिस में की है। इसके साथ ही अज्ञात आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 305 के तहत अभियोग अंकित किया है।

### आरएमसी मशीन की बैटरी खोल ले गए चोर

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के डिग्गी वाले रोड पर नाला निर्माण कर रहे ठेकेदार की आरएमसी मशीन की बैटरी शनिवार रात चोरी हो गई। ठेकेदार संजीत की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 305 के तहत केस दर्ज किया है।

### राशन कार्डों की ई-केवाईसी करवाई

**बहादुरगढ़।** शहर के वार्ड नंबर-24 में विशेष कैंप लगाकर सामाजिक कार्यकर्ता यशपाल हिंदुस्तानी ने आमजन के राशन कार्डों की ई-केवाईसी करवाई। उन्होंने लोगों से जल्द राशन कार्ड की ई-केवाईसी करवाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा एवं आपूर्ति विभाग और डिपो धारकों को ऐसे कैंप लगाकर लोगों के राशन कार्डों की ई-केवाईसी करवानी चाहिए।

### आज लगेगी बिजली अदालत

**बहादुरगढ़।** उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) द्वारा कार्यकारी अभियंता कार्यालय में मंगलवार 1 जुलाई को बिजली अदालत व उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 बजे से एक बजे तक कार्यकारी अभियंता सभी उपमंडलों के उपभोक्ताओं की बिजली और बिल संबंधी समस्याओं (बिजली चोरी को छोड़कर) पर सुनवाई करेंगे।

### उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

**झज्जर।** मंगलवार को उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा अधीक्षण अभियंता कार्यालय में बिजली अदालत व उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 बजे से एक बजे तक बिजली अदालत व 11 बजे से 2 बजे तक उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम का आयोजन होगा। यह अदालत फोरम के चेयरमैन एवं बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता ऑप्रेशन सर्कल झज्जर की अध्यक्षता में होगी। इस दौरान बिजली बिल, कनेक्शन और अन्य तकनीकी समस्याओं से जुड़े परिवादों की समीक्षा की जाएगी।

### साइबर फ्रॉड मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** साइबर थाना की एक टीम द्वारा घर बैठे रुपये कमाने का लालच देकर टास्क पूरा करने के नाम पर एक छात्रा के साथ साइबर फ्रॉड करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सोमबीर ने बताया कि बहादुरगढ़ क्षेत्र निवासी एक छात्रा की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मुख्य सिपाही विनोद कुमार की टीम द्वारा तीन आरोपियों को पकड़ा गया है।

# जलजमाव से मच्छर और जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ा

- मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए सावधानी बरतने के साथ जलनिकासी भी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

मानूसन ने भले बारिश से शहर को अभी तक न भिगोया हो, लेकिन दूषित जल और गंदगी से लोग बीमार पड़न्ना शुरू हो गए है। मलिन बस्तियों में डायरिया, पीलिया और टायफाइड के पीड़ित मिलने लगे है। सड़कों पर कई जगह पानी भरा हुआ है। जिसकी वजह से लोगों को निकलने में भी परेशानी होती है। जलभराव की वजह से बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। जलभराव समस्या को लेकर कई बार नगर परिषद को अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद भी जलनिकासी के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। जी हां, इस मौसम में अनेक बीमारियां पांव पसार रही हैं। विशेष रूप से मलेरिया, टायफायड, डेंगू, पीलिया, अतिसार, उल्टी, दस्त, पेट संबंधी बीमारी व खाज खुजली सहित मच्छर-जनित और जल-जनित बीमारियां बढ़ रही हैं। बरसात में जगह-जगह पानी भरने और गंदगी के संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका बढ़ जाती है, लेकिन इससे पहले ही सड़कों पर जमा हुए पानी में बीमारी के बैक्टेरिया का तेजी से पनप रहा है। शहर के अस्पतालों की ओपीडी में जांच के लिए प्रतिदिन दो से ज्यादा लोग उल्टी-दस्त की शिकायत लेकर आ रहे है। उल्टी-दस्त और वायरल इन्फेक्शन के रोगी बढ़ गए हैं। ऐसे में बरसात में जगह-जगह गंदा पानी भर जाने से बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाएगा।



बहादुरगढ़। दिल्ली रोहतक रोड पर गोरैया पर्यटन केंद्र के बाहर जमा गंदा पानी। फोटो: हरिभूमि

### बीमारियां और लक्षण

**डायरिया**: बार-बार दस्त होना, पेट के निचले हिस्से में दर्द और कमजोरी।
**पीलिया**: त्वचा से लेकर आंख, नाखून, पेशाब का रंग पीला होना।
**टायफाइड**: तेज बुखार, शरीर में दर्द, भूख ना लगाना और कमजोरी।
**मलेरिया**: ठंड लेकर तेज बुखार आना।
**डेंगू**: बुखार, दर्द, प्लेटलेट्स में गिरावट।
**चिकुनगुनिया**: बुखार, हाथ-पैर, सिरदर्द।

*ओपीडी में जांच के दौरान प्रतिदिन उल्टी, दस्त, बुखार के मरीज आ रहे हैं। मौसमी बीमारियों के मरीजों के लिए नागरिक अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर व्यवस्थाएं हैं। मच्छरजनित बीमारी की रोकथाम को लेकर लगातार संदिग्ध मरीजों के ब्लड सेंपलों की जांच कराई जा रही है।*
*- डॉ. विनय देसवाल, नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़*

## किसानों के चेहरे पर छाई खुशी, धान फसल बिजाई में होगा लाभ

# झमाझम बारिश ने उमस भरी गर्मी से दिलाई राहत, जलभराव बना आफत

बरसात के कारण मौसम सुहाना हुआ और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। विशेषज्ञ आगामी दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

सोमवार सायं हुई झमाझम बारिश के कारण लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली, लेकिन पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हुए जलभराव से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थिति यह रही कि एक बार तो पूरा शहर रूक सा गया। शहर की ऐसी कोई भी सड़क नहीं बची जहां जलभराव न हुआ हो। जिसके कारण वाहन चालकों और राहगीरों को काफी दिक्कतें हुई। सबसे ज्यादा दिक्कत दोपहिया वाहन चालकों को हुई।

जलभराव के कारण दोपहिया वाहन पानी में बंद हो गए और वाहन चालक पैदल अपने वाहनों को घिसटते हुए दिखाई दिए। शहर के माता गेट, सीताराम गेट, अंबेडकर चौक, पुराना तलाव रोड, पुराना बर्फखाना रोड, सिलानी गेट और दिल्ली गेट क्षेत्र सहित अधिकांश जगहों पर बरसाती पानी भर गया। वहीं कई रिहायशी कॉलोनियों में भी हुए जलभराव के कारण लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर हुए। उधर, बरसात के कारण मौसम सुहाना हो गया और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है।





झज्जर। शहर के पुराना बर्फखाना रोड पर जलभराव के बीच गुजरते हुए वाहन। फोटो: हरिभूमि







झज्जर। बरसात के दौरान हुए जलभराव के बीच गुजरते हुए राहगीर।

### किसानों को होगा लाभ

बरसात के कारण किसानों के चेहरों पर खुशी छा गई। किसान कृष्ण गुलिया, बिट्टू चाहार ने बताया कि बरसात होने से किसानों को काफी लाभ होगा। क्योंकि फिलवक्त किसान धान की फसल की बिजाई कर रहे है। बरसात होने के कारण उन्हें बिजाई के दौरान पानी नहीं देना पड़ेगा।



झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो: हरिभूमि

# संदिग्ध परिस्थितयों में युवती की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

कस्बा बेरी में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल पहुंचाया। सोमवार को चिकित्सकीय बोर्ड द्वारा युवती के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मामले के जांच अधिकारी सतबीर सिंह ने बताया कि इस संबंध में मृतका के भाई के बयान के आधार पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है।

मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद चल पाएगा। फिलहाल इस मामले में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### दुर्घटना में कार सवार की मौत

*__बहादुरगढ़।__ शहर के पटेल नगर में रहने वाला हरीश सोमवार को अपनी वैगनआर कार में सवार होकर गांव गुभाना जा रहा था। सोलधा व नया गांव के बीच उसकी कार में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उसे घायल अवस्था में शहर के एक निजी अस्पताल में लाया गया। जहां से उसे पीजीआईएमएस रोहतक रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पत्नी के बयान के आधार पर बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 106 (1) व 324 (4) के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।*



झज्जर। पकड़े गया आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो: हरिभूमि

## पत्रकार हत्या मामले में पकड़ा गया आरोपी सात दिन के पुलिस रिमांड पर

- आपसी रंजिश के कारण प्लानिंग के तहत वारदात को दिया था अंजाम
- क्षेत्र की किसी कंपनी में लेबर सप्लाई को लेकर था विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

सीआईए व थाना माछरौली की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र के गांव लुहारी में पत्रकार धर्मेंद्र की गोली मारकर हत्या करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मृतक धर्मेंद्र के पुत्र आशीष की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था।

मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी अंकित पुत्र राकेश निवासी लुहारी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए सात दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। जिला पुलिस आयुक्त ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि अंकित ने अपने साथी के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया है। वारदात में प्रयोग किया गया हथियार उसके साथी द्वारा लाया गया था। अंकित को पहले से ही पता था कि धर्मेंद्र हर रोज घूमने के लिए बाहर जाता है इसी बात का फायदा उठाते हुए अंकित अपने साथी के साथ खेत के रास्ते धर्मेंद्र के मकान के नजदीक पेट्रोल के नजदीक सड़क के किनारे पेड़ों में छुपकर बैठ गए जैसे ही धर्मेंद्र वहां पर आया तो अंकित ने उस पर गोलियां चला दी जो पहली ही गोली धर्मेंद्र के सिर में लगी। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान अंकित ने धर्मेंद्र की हत्या करने का खुलासा किया है।

आरोपी ने बताया कि दूसरा आरोपी सुमित उसका दोस्त है और उसने ही धर्मेंद्र की हत्या का प्लान बनाया था और वहीं पिस्टल लेकर आया था। उन्होंने बताया कि कि मृतक धर्मेंद्र व हत्यारोपियों का क्षेत्र में ही किसी कंपनी में लेबर सप्लाई करने काम था। इसी को लेकर इनका विवाद भी रहता था। फिलहाल पुलिस दूसरे आरोपी सुमित की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। जल्द ही दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मुनाफे का लालच देकर सवा 18 लाख रुपये ठगे

**बहादुरगढ़।** शहर के सेक्टर-15 स्थित ओमेक्स सिटी निवासी आयुष गुप्ता प्रॉपर्टी डीलर है। अज्ञात लोगों ने उसे व्हाट्सएप पर क्रिप्टो करंसी से अधिक मुनाफे का लालच देकर धोखे से 18 लाख 25 हजार 500 रुपए ठग लिए हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आयुष गुप्ता को व्हाट्सएप पर 14 मई को क्रिप्टो करंसी में पैसे लगाकर ज्यादा मुनाफा कमाने का लालच दिया गया। उसने 20 मई को 43 हजार 760 रुपए भेज दिए, उसी दिन 45 हजार रुपए भेज दिए, फिर 21 मई को 45 हजार 340 रुपए, 21 मई को 50 हजार, फिर 10 हजार, 23 मई को 49 हजार, फिर 60 हजार, 24 मई को 35 हजार, फर 60 हजार, 25 मई को 2 लाख 30 हजार रुपए, 26 मई को एक लाख 11 हजार 500 रुपए, 2 जून को 5 लाख रुपए, 7 जून को एक लाख 45 हजार, 8 जून को 3 लाख 50 हजार 900 रुपए, उसी दिन 50 हजार, फिर 40 हजार रुपए डाल दिए। उसने इन खातों से केवल 10 हजार रुपए निकाले हैं। इस तरह अज्ञात लोगों ने उसे अधिक मुनाफे के लालच में धोखा देकर 18 लाख 25 हजार 500 रुपए ठग लिए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर बीएनएस की धारा 318 (4) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पीएसी में दो बिलों के भुगतान को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

नगर परिषद कार्यालय में सोमवार को पेयमेंट अप्रूवल कमेटी की मीटिंग हुई। पीएसी के बाद चेयरपर्सन सरोज राठी ने संबंधित ठेकेदारों की भी एक मीटिंग ली। उन्होंने बताया कि टेक्निकल ब्रांच से मीटिंग में प्रस्तुत दोनों बिलों के भुगतान को मंजूरी दे दी गई है।

बता दें कि पेयमेंट अप्रूवल कमेटी की मीटिंग नहीं होने के कारण शहर के अनेक विकास कार्यों भुगतान नहीं हो पा रहा है। इस कारण संबंधित एजेंसियों ने निर्माण कार्यों की रफ्तार धीमी कर दी है। लेकिन सोमवार को 50 लाख रुपए से कम की पेयमेंट अप्रूवल कमेटी में केवल 2 ही बिल भुगतान के लिए प्रस्तुत हुए। संबंधित ठेकेदार तकनीकी शाखा की कार्यशैली पर सवाल उठाते रहे। वहीं चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि विकास व अन्य कार्यों के बिलों का भुगतान समय पर करने का प्रयास रहता है। ताकि नगर परिषद द्वारा कराए जा रहे विकास कार्य प्रभावित न हो। पीएसी के उपरांत चेयरपर्सन ने ठेकेदारों की एक मीटिंग ली। मीटिंग में मौजूद ठेकेदारों को विकास कार्यों में टेंडर के तय मानकों व गुणवत्ता का पूरी तरह से ध्यान रखने की हिदायत दी गई। इस अवसर पर ईओ अरुण नांदल, पार्षद संदीप दहिया व राजेश तंवर आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। पीएसी के बाद ठेकेदारों को हिदायत देती चेयरपर्सन सरोज राठी।

## पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने पूर्व मुख्यमंत्री को बताया गांव, गरीब व किसान का हितैषी

# पुण्यतिथि पर साहब सिंह वर्मा को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. डॉ. साहब सिंह वर्मा की पुण्यतिथि पर सोमवार को उन्हें याद किया गया। घेवरा मोड़ पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान हरियाणा के पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु व दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा समेत अनेक नेताओं ने उन्हें नमन किया। सभी नेताओं ने साहब सिंह वर्मा की समाधि पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें याद किया।

पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि साहब सिंह वर्मा ने जो काम किसान के लिए किया है, वो कोई नहीं कर सकता। साहब सिंह वर्मा एक ऐसे नेता थे, जिसकी पूर्ति आज तक कोई नहीं कर पाया। गांव, गरीब व किसान को ऐसे नेता की तलाश आज भी है। उनके कामों और किसानों के लिए उनके द्वारा उठाए गए कदम को देखते हुए आज भी वे विचार पुत्रों के रूप में हम सबके बीच मौजूद हैं। उन्होंने इस मौके पर उपस्थित लोगों को स्व. डॉ. साहब सिंह वर्मा के दिखाए मार्ग पर चलने की अपील करते हुए कहा कि वे जमीन से जुड़े महान सोच वाले नेता थे। उन्होंने पं दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योद्य दर्शन को अपने जीवन का उदेश्य बनाया था। इन्हीं को पूरा करने में स्व. डॉ. साहब सिंह वर्मा ने अपना पूरा जीवन लगा दिया। कार्यकर्ताओं को स्व. डॉ वर्मा के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। दिल्ली सरकार में मंत्री एवं स्व. साहब सिंह वर्मा के पुत्र प्रवेश वर्मा ने कहा कि केंद्रीय श्रम मंत्री के रूप में स्व. डॉ वर्मा ने देश के 40 करोड़ असंगठित मजदूरों के सुनहरे भविष्य का सपना देखा था। इस संबंध में उन्होंने मजदूरों के लिए पेंशन तथा स्वास्थ्य सेवाओं संबंधी बिल पेश किया था। वे चाहते थे कि भारत के लोग आत्मनिर्भर और देश समृद्ध बने। असंभव नाम का शब्द उनके शब्द कोष में नहीं था। स्व. वर्मा का व्यक्तित्व बहुआयामी था। इस अवसर पर अनेक गणमान्य लोग व भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभा में उपस्थित होकर डॉ. साहब सिंह वर्मा को श्रद्धांजलि दी।



बहादुरगढ़। स्व. डॉ. साहब सिंह वर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कैप्टन अभिमन्यु व अन्य।

रोहतक, मंगलवार
1 जुलाई 2025

हरिभूमि सहेली






# लव स्कैम
## इस धोखेबाजी से बचें

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कौन, कब दोस्त बनकर हमारे साथ खेल खेलने लगे, कुछ पता नहीं। इन जालसाजों के जाल में लड़कियां ही नहीं, मैच्योर महिलाएं भी भावनात्मक, शारीरिक और फाइनेंशियल फ्रंट पर शोषण का शिकार हो रही हैं। इसलिए अनजाने लोगों से जुड़ने में सजगता बहुत जरूरी है।

कवर स्टोरी
**डॉ. मोनिका शर्मा**



आजकल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर स्नेह भरे जुड़ाव के नाम पर हर एज ग्रुप की महिलाएं छलावे का शिकार हो रही हैं। अनदेखे-अनजाने चेहरों के वादों और दावों की जालसाजी उनके जज्बातों के साथ खिलवाड़ ही नहीं करती, आपराधिक घटनाओं का भी कारण बनती है। सोशल मीडिया में प्रेम जताने, मन भटकाने के नाम पर लव स्कैम या रोमांस स्कैम के रूप में होने वाली धोखेबाजी के मामले खूब सामने आ रहे हैं। इतना ही नहीं फाइनेंशियल स्कैम भी हो रहे हैं। ऐसे में सभी वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स पर महिलाओं का सजग रहना जरूरी है।

**सोची-समझी चालबाजी:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर किसी भी तरह के शोषण और धोखाधड़ी का खेल खेलने वाले लोग सोच-समझकर जाल बिछाते हैं। गांवों-कस्बों से लेकर मेट्रो सिटीज तक, बड़ी संख्या में महिलाएं और लड़कियां ऐसी जालसाजी का शिकार भी हो रही हैं। खासकर इमोशनल जुड़ाव की भूल-भुलैया में हर आयु वर्ग की महिलाओं के साथ धोखाधड़ी हो रही है। पिछले कुछ समय चर्चा में आई 'पिग बुचरिंग स्कैम' की स्ट्रेटेजी में महिलाओं के साथ सोची-समझी चालबाजी से जालसाजी की जा रही है। असल में 'पिग बुचरिंग स्कैम' की धोखाधड़ी को समझने से लिए बूचड़खाने का उदाहरण दिया जाता है। जैसे बाड़े में जानवर को देखभाल के साथ रखते हुए स्नेह-संभाल करने के बाद उसका जीवन छीन लिया जाता है, वैसे ही इस तरह ठगी करने वाले पहले विश्वास जीतने का खेल खेलते हैं। धोखा देने से पहले इस जालसाजी में क्लोज फ्रेंडशिप और प्रेम भरे जुड़ाव का पहलू भी शामिल होता है। झूठे प्रेम के नाम पर पूरी प्लानिंग के साथ ऐसी धोखाधड़ी का खेल खेला जाता है। महिला मित्रों के साथ सधे-सहज ढंग से रिश्ते जोड़कर प्रेम के नाम पर संवाद करते हुए धोखाधड़ी के भंवर में फंसाया जाता है। जिसके चलते बहुत-सी स्त्रियां भावनात्मक, शारीरिक और फाइनेंशियल फ्रंट पर शोषण का शिकार बन जाती हैं।

**इमोशनल फ्रंट पर धोखा:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर होने वाली धोखेबाजी के अधिकतर मामलों में सबसे पहले भरोसा जीतने के लिए दोस्ती और प्रेम का ही सहारा लिया जाता है। फिर फाइनेंशियली ठगने के लिए धमाकेदार रिटर्न का वादा करते हुए पैसे इंवेस्ट करवाए जाते हैं या शारीरिक-मानसिक शोषण के लिए निजी बातें और जानकारियां पूछी जाती हैं। सरहदों की दूरियां मिटाकर दुनिया के हर कोने में बसे लोगों को जोड़ने वाली वर्चुअल दुनिया में जालसाजी का यह रंग-ढंग ग्लोबल लेवल पर विस्तार पा रहा है। यही वजह है कि भावनात्मक दिशाहीनता से जुड़े ठगी के ऐसे मामलों में आभासी दुनिया में विशेष सतर्कता की दरकार है। आमतौर पर सोशल मीडिया मंचों पर जाली प्रोफाइल बनाकर भी महिलाओं को प्यार के चंगुल में फंसाया जाता है। कुछ समय पहले दिल्ली के 23 वर्षीय लड़के ने खुद को ब्राजीलियन मॉडल बताकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स बंबल और स्नैपचैट पर 700 लड़कियों से भावनात्मक जुड़ाव बनाकर अपने जाल में फंसाया। उसने 18 से 30 साल की महिलाओं से मित्रता बढ़ाकर निजी तस्वीरें भेजने के लिए मना लिया। तस्वीरें भेजने वाली लड़कियों और महिलाओं को ब्लैकमेल करने के इरादे से खेले गए खेल में उसने तस्वीरों को इंटरनेट पर वायरल करने या डार्क वेब पर बेचने की धमकी देकर पैसे लिए। समझना कठिन नहीं कि ऐसे मामले भी कहीं ना कहीं महिलाओं के भावनात्मक दोहन से ही जुड़े होते हैं। झूठे प्रेम का जाल बुनकर अंजाम दिए जाते हैं। जरूरी है कि महिलाएं व्यावहारिक धरातल पर सोचें। सोशल मीडिया के आभासी संसार में प्यार के भ्रम भरे उलझाऊ संबंधों के घेरे में ना आएं।

**अनगिनत खामियाजे:** झूठे प्रेम की वर्चुअल धोखाधड़ी असली दुनिया में सब कुछ उजाड़ देती है। इस सोचे-समझे जाल को समय रहते समझ कर इसके जाल में फंसने से पहले संभल जाइए। यह कटु सच है कि मौजूदा दौर में असल दुनिया से लेकर वर्चुअल दुनिया तक, खुद को भावनात्मक रूप से मजबूत रखना जरूरी हो गया है। यह समझना जरूरी है कि प्रेम यूं तलाशने या आंख बंद कर किसी की बातों में आ जाने से नहीं मिलता। यह फरेब तो महिलाओं से बहुत कुछ छीन लेता है। पैसे ऐंठने से लेकर ब्लैकमेलिंग का भय दिखाने तक, धन, सुकून और संबंधों में खटास आने जैसे अनगिनत नुकसान झेलने पड़ते हैं। जालसाजी के ऐसे मामलों में कई बार ब्लैकमेलिंग पैसे ऐंठने तक ही सीमित नहीं रहती। महिलाओं को शारीरिक शोषण और दूसरे लोगों को ठगने के खेल में शामिल होने के लिए भी मजबूर किया जाता है। यह सच है कि ऑनलाइन संसार से बढ़ती कनेक्टिविटी ने युवतियों-किशोरियों के लिए नहीं, बड़ी उम्र की महिलाओं के लिए भी मेलजोल का एक नया संसार खोला है। ऐसे में डिजिटल क्रांति से जुड़ा बदलाव पर्सनल फ्रंट पर पहले से कहीं ज्यादा ठहराव और समझ की मांग करता है। सोशल मीडिया और डेटिंग एप्स की डिजिटल दुनिया ने प्रेमपगे गठजोड़ के नए रंग हमारे सामने रखे हैं। रोमांस और ठगी की भाषा बदल दी है। कुछ लोगों के लिए यह जुड़ाव इरादतन खेला गया खेल होता है। दूर बैठे चेहरे गुमराह करने लगते हैं। हर दिन सामने आते धोखेबाजी के किस्से बताते हैं कि अनजान चेहरों से जज्बाती तौर पर जुड़ने के मामले में सजगता बरतनी आवश्यक है।

### ऐसे बचें धोखाधड़ी से

- कभी निजी जीवन की चर्चा ना करें।
- अनजान लोगों के साथ चैटिंग करने से बचें।
- भावनात्मक-पारिवारिक कमजोरियों का जिक्र कभी ना करें।
- तस्वीरें शेयर करते समय अवेयर रहें।
- वर्चुअल फ्रेंड्स से पर्सनली मिलने की जानकारी अपनों को भी दें।
- जालसाजी में फंस जाएं तो फैमिली मेंबर्स को बताने में देरी न करें।
- अपनी या परिजनों की लोकेशन कभी साझा न करें।

# पॉजिटिव सोच के साथ करें हर नए दिन की शुरुआत

अगर आप रोज सुबह पॉजिटिव रहें तो आपका हर दिन ऊर्जा से भरपूर रहेगा। हम बता रहे हैं कुछ सरल लेकिन प्रभावशाली उपाय, जो हर सुबह को आशावादी, ऊर्जावान और सार्थक बना सकते हैं।

लाइफस्टाइल
**अनीता जैन**



हर सुबह हमारे जीवन में एक नया अवसर लेकर आती है- नई ऊर्जा, नई उम्मीद और एक नई दिशा चुनने का संकल्प। जिस प्रकार सूरज हर दिन नई रोशनी के साथ उदित होता है, ठीक वैसे ही हर व्यक्ति को हर सुबह अपने जीवन में सकारात्मकता का प्रकाश भरने का अवसर मिलता है। जीवन की सफलता और मानसिक शांति इस बात पर निर्भर करती है कि हम दिन की शुरुआत किस भाव, सोच और दृष्टिकोण के साथ करते हैं? अगर सुबह की शुरुआत सकारात्मक विचारों, आत्मविश्वास और आभार की भावना के साथ की जाए तो न केवल वह दिन बल्कि जीवन की दिशा भी बदल सकती है।

**हर सुबह एक वरदान है:** इसमें कोई संदेह नहीं कि हर सुबह हमारे लिए किसी वरदान की तरह होती है। अगर हम इसे मुस्कान, आशा और उद्देश्य के साथ अपनाएं, तो हर दिन सफलता और सुख की ओर पहला कदम बन सकता है। हमारे विचार, हमारी दिनचर्या और हमारी सोच ही अंततः हमारे भविष्य का निर्माण करती है। इसलिए जरूरी है कि हम दिन की शुरुआत सही सोच के साथ करें।

**सुबह जल्दी जगें:** धार्मिक ग्रंथों में ही नहीं स्वास्थ्य शास्त्रों में भी 'ब्रह्म मुहूर्त' में जागने की महत्ता बताई गई है। सुबह जल्दी उठने से हमें स्वयं के साथ कुछ शांत पल बिताने का अवसर मिलता है। दिन भर की भाग-दौड़ से पहले यह समय आत्मनिरीक्षण और सकारात्मक ऊर्जा को प्राप्त करने का सबसे अच्छा माध्यम है। लेकिन सुबह जल्दी उठकर मोबाइल देखने की बजाय आंख खुलते ही कुछ गहरी सांस लें और ईश्वर को धन्यवाद दें कि उनकी कृपा से आपको एक और दिन मिला है।

**सकारात्मक विचारों को दोहराएं:** दिन की शुरुआत सकारात्मक विचारों से करें। आप अपने लिए कुछ प्रेरणादायक वाक्य दोहरा सकती हैं जैसे- 'आज का दिन मेरे लिए शुभ है।', 'मैं हर परिस्थिति में शांत और संतुलित रहूंगी।', 'हर चुनौती मुझे और बेहतर बनाएगी।', 'हे ईश्वर! मुझसे कोई गलत काम न हो।' ऐसा आत्म-संवाद मन को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास से भर देता है। धीरे-धीरे यह अभ्यास हमारी सोच को सकारात्मक दिशा देने लगता है।

**कृतज्ञता का भाव रखें:** कई बार हम जो कुछ हमारे पास है, उसकी कद्र नहीं करते और जो नहीं है, उसके लिए दुखी रहते हैं। लेकिन अगर हम हर दिन यह सोचें कि हमारे पास क्या-क्या अच्छा है- जैसे परिवार, स्वास्थ्य, भोजन, घर- तो एक संतोष का भाव उत्पन्न होता है। यह कृतज्ञता जीवन को सकारात्मक दृष्टि से देखने की आदत बनाती है।



### करें ध्यान-प्राणायाम

कुछ मिनटों का ध्यान और प्राणायाम हमारी मानसिक स्थिति को बेहतर करता है। यह शरीर को शुद्ध प्राणवायु प्रदान करता है और मन को शांत करता है। जब मन शांत होता है, तो हम परिस्थितियों को अधिक स्पष्टता और सकारात्मकता के साथ देख पाते हैं। मानसिक एकाग्रता बढ़ती है और दिन भर के कार्यों में उत्साह बना रहता है।

**सकारात्मक संदेश पढ़ें या सुनें:** अखबार, पुस्तक के किसी सकारात्मक आध्यात्मिक विचार से दिन की शुरुआत करने से मन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। सुबह-सुबह किसी भी प्रकार की नकारात्मकता से बचते हुए, कोई प्रेरणादायक लेख, जीवनियों का अंश या धार्मिक ग्रंथ का श्लोक पढ़ना सकारात्मकता को बढ़ाता है। इसी तरह सकारात्मक भक्ति गीत या मंत्र भी मन को ऊर्जा प्रदान करते हैं।

**दूसरों को दें शुभकामनाएं:** अपने घरवालों को मुस्कराकर 'सुप्रभात' कहें, छोटे से संदेश से दूसरों का दिन भी बेहतर बनाया जा सकता है। जब हम दूसरों को शुभकामनाएं देते हैं या उनके लिए अच्छा सोचते हैं, तो वही ऊर्जा हमारे जीवन में भी लौटती है।

# शादी के बाद जब बेटा-बहू रहना चाहें अलग

अगर बेटे की शादी के बाद बहू से आपकी नहीं निभ रही है, घर में कलह का माहौल रहता है तो बेहतर यही होगा कि बेटे-बहू को अलग रहने की इजाजत दे दें। यह दोनों के हित में है।

सलाह
**नम्रता नदीम**



अमित की शादी हुई तो पत्नी नमिता ने कुछ ही महीने बाद अलग रहने का डिसीजन ले लिया। नमिता को शिकायत थी, सास का बिहेवियर बहुत बुरा रहता है। वह बात-बात पर टोकती हैं। नमिता को अपने जीवन में सास की जरा-सी भी दखलअंदाजी पसंद नहीं थी। एक महीने तो किसी तरह नमिता ने सास के साथ एडजस्ट किया, लेकिन दो महीने के बाद ही वह अमित के साथ अलग किराए का घर लेकर रहने लगी।

**बहू को चाहिए आजादी:** यह देखा जा रहा है, नई नवेली दुल्हन जो आजाद ख्याल की होती है, उसे अपने जीवन में सास-ससुर का हस्तक्षेप बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होता। वह उनसे अलग रहना चाहती है। यहां यह समझने वाली बात है कि अगर सास-ससुर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं, घर में उनका ख्याल रखने के लिए दूसरे सदस्य हैं तो उन्हें अपने बेटे के सुखी दांपत्य जीवन के लिए अलग रहने का निर्णय स्वीकार लेना चाहिए। बेटे की शादी के बाद अगर उसकी पत्नी और पैरेंट्स के बीच खींचतान रहती है, घर में कलह का माहौल रहता है, ऐसे में समझदारी यही है कि वे अलग जाकर रहें। शादी के बाद अगर बहू अलग रहना चाह रही है तो माता-पिता दुखी, परेशान न हों। बेटे के घर से अलग रहने में कोई बुराई नहीं है। इसकी चिंता न करें कि कौन क्या कहेगा?

**व्यावहारिक सोच रखें:** बेटे-बहू के अलग रहने की बात से कई लोग असहमत हो सकते हैं। उनका तर्क हो सकता है कि बेटे की शादी हम किसलिए करते हैं, ताकि परिवार में सब लोग मिलकर एक-दूसरे के साथ प्यार से रहें। यह उन घरों के लिए तो सही होता है, जहां बहू का मन सास-ससुर के साथ रहने, उनकी सेवा करने और उनके साथ एडजस्टमेंट करने का होता है। लेकिन जिन लड़कियों की सोच सास-ससुर से अलग घर लेकर पति के साथ रहने की होती है, तो इसे स्वीकार कर लेना चाहिए। बहू को सास-ससुर के साथ अगर घर में रहने से तनाव रहता है, बेटे की शादीशुदा जिंदगी पर ही नहीं बल्कि परिवार के बाकी सदस्यों पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है, बेटे-बहू इतना कमाते हैं कि वो आराम से बाहर किराए पर घर लेकर रह सकते हैं तो उन्हें अलग रहने की इजाजत दे देनी चाहिए। इस मामले में व्यावहारिक सोच रखें।

**एक-दूसरे को करें सपोर्ट:** अलग रहने पर अगर बेटे-बहू खुश हैं तो आपको भी खामोशी से अपनी खुशी की राह तलाश लेनी चाहिए। इसमें दोनों तरफ से एक-दूसरे को सहयोग देने की भावना होनी चाहिए। अपने सुख-दुख बांटें, सुबह-शाम फोन पर बात करें। जब जरूरी हो, एक-दूसरे को इमोशनल सपोर्ट दें। जब भी एक-दूसरे को उनकी जरूरत हो तो साथ जाकर रहें। इससे संबंध हमेशा बने रहेंगे।

**मदद लेने में न हिचकें:** यह कभी नहीं भूलें कि बेटे और बहू के साथ आपका करीबी रिश्ता है। एक-दूसरे के प्रति अधिकार और कर्तव्य इसमें इनबिल्ट है यानी, माता-पिता के सामने अगर कोई समस्या आती है, तो वे अपने बच्चों से मदद लेने में संकोच न करें और बेटा-बहू को भी अगर माता-पिता के मानसिक या फाइनेंसियल सपोर्ट की जरूरत है तो वे भी उनसे खुल कर कहें। याद रखें, आपने बेटे-बहू को अलग रहने की आजादी दी है, तो इस बदलाव को मन से स्वीकार करें, इसी में सबकी खुशी है।

**रह सकते हैं साथ भी:** जरूरी नहीं बहू-बेटा अपनी आजादी के लिए कहीं दूसरी जगह जाकर रहें। अगर आपको अपने बेटे से या आपके बेटे को आपसे ज्यादा लगाव है तो आप साथ में रह कर भी बेटे-बहू को पूरी आजादी दे सकते हैं।

**बनाए रखें रिश्ता:** बेटे के अलग हो जाने के बाद भी उससे रिश्ते बनाकर रखें। बेटे को पूरा सहयोग दें ताकि वह अपनी पत्नी के साथ अच्छी बॉन्डिंग बना सके। बेटा-बहू अलग रहते हैं, इसके बावजूद सभी लोग समय-समय पर एक-दूसरे से मिलते-जुलते रहें।

# उमस भरी इस गर्मी में बनी रहेगी ग्लोइंग स्किन

स्किन केयर
**चेतना झा**

मौसम का हर दौर त्वचा और बालों के लिए अलग तरह की केयर की मांग करता है। बारिश के साथ होने वाली उमस भरी गर्मी के इन दिनों के मौसम में भी अपनी स्किन केयर रूटीन को मौसम के अनुकूल करना चाहिए।

**सीटीएम:** सीटीएम यानी क्लीनिंग, मॉयश्चराइजिंग एंड टोनिंग, इस मौसम में त्वचा की देखभाल का मूलमंत्र है। ऐसी गर्मी में स्किन की क्लीनिंग के लिए हल्के जैल क्लींजर और जैल बेस्ड ही मॉयश्चराइजर का उपयोग करें। लाइट मॉयश्चराइजर आपके पोर्स को बंद नहीं करेंगे।

**एसपीएफ रेंज:** इस सीजन में भी घर से बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन लगाना जरूरी है, लेकिन सनस्क्रीन का एसपीएफ कितना हो यह जानना भी जरूरी है। यूरोपियन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी एंड वेनेरोलॉजी और अमेरिकन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी की सलाह के अनुसार सनस्क्रीन एसपीएफ 30 से कम नहीं होना चाहिए।



**जब निकले पसीना:** बाहर अधिक समय रहने, अधिक काम करने या वर्कआउट के बाद पसीना आना स्वाभाविक है। पसीना आने से रोम छिद्रों में तेल और गंदगी जाने की आशंका होती है, इसलिए पसीने के बाद त्वचा की साफ-सफाई का खास ध्यान रखें। इससे रोमछिद्र बंद होने से बचाव होता है। पसीने से भीगी ड्रेस को दुबारा पहनने से पहले साफ जरूर करें।

**शावर जरा कम:** अधिक देर पानी में रहने से शरीर का नेचुरल ऑयल कम हो जाता है और स्किन में ड्रायनेस की समस्या आ जाती है। हॉट शावर लेने की आदत से समस्या और बढ़ जाती है। इस मौसम में दो बार से अधिक नहीं नहाएं और दस मिनट से अधिक शावर न लें।

**इनका भी रखें ध्यान:** गर्मियों में अधिक तापमान, पसीने आदि की वजह से रोम छिद्र खुल जाते हैं। बाहर निकलने पर हाथों पर लगी गंदगी, तेल आदि के संपर्क में जब ये खुले रोम छिद्र आते हैं तो एक्ने की समस्या बढ़ जाती है। इसलिए चेहरे की त्वचा के साथ हाथों की सफाई पर भी खास ध्यान दें। एक्ने की समस्या हो तो सैलिसिलिक एसिड युक्त या यूकेलिप्टस बेस्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें। हयालूरोनिक एसिड और ग्लिसरीन युक्त मॉयश्चराइजर लगाएं। टोनर लाइट और हाइड्रेटिंग हो। एसपीएफ 50 का सनस्क्रीन धूप में निकलने से करीब 20-30 मिनट पहले चेहरे और शरीर के दूसरे खुले हिस्से में लगाएं।

**(डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. सरोज राय से बातचीत पर आधारित)**

# ऐसे करें बच्चों की डेंटल केयर

आप अपने बच्चों की हेल्थ का ध्यान रखने में कोई लापरवाही नहीं बरततीं, लेकिन क्या उनके दांतों की देखभाल भी अच्छी तरह से करती हैं? यहां बताई जा रही बातों को फॉलो करें, इससे बच्चों को कोई डेंटल प्रॉब्लम नहीं होगी।


ओरल हेल्थ
**संध्या रानी**



अधिकतर बच्चों को चॉकलेट, टॉफी, स्वीट्स, कुकीज खाना और कोल्ड ड्रिंक पीना बेहद पसंद होता है। कई पैरेंट्स अपने बच्चों से किसी बात को मनवाने के लिए चॉकलेट या टॉफी देने का लालच बार-बार देते हैं। मेहमान या रिलेटिव्स भी जब घर आते हैं तो ज्यादातर बच्चों के लिए टॉफी, चॉकलेट, केक, कोल्ड ड्रिंक ही लेकर आते हैं। इससे बच्चों में मीठा खाने की लत लग जाती है। ज्यादा मीठा खाने से उनके दांतों में इंफेक्शन हो जाता है, उसमें दर्द रहने लगता है, गम्स में सूजन या दांतों में सड़न भी हो सकती है।

**दांतों में सड़न के कारण:** चॉकलेट, स्वीट्स, कुकीज, टॉफी और कोल्ड ड्रिंक में शुगर की मात्रा अधिक होने के कारण ये सब बच्चों के लिए नुकसानदायक होते हैं। चॉकलेट चिपचिपी होने की वजह से दांतों में फंस जाती है। इससे दांतों में बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं, क्योंकि आमतौर पर बच्चे चॉकलेट खाने और कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद पानी से कुल्ला नहीं करते हैं। इससे दांतों में कैविटी और सड़न भी पैदा होने लगती है। चॉकलेट अधिक खाने से दांत की ऊपरी लेयर सॉफ्ट हो जाती है, जिससे कैविटी बनने की संभावना बढ़ जाती है। इतना ही नहीं चॉकलेट अधिक खाने से दांत पीले हो जाते हैं और प्लॉक बन जाता है। कोल्ड ड्रिंक में एसिड होने के कारण दांतों की जड़ों को भी बहुत नुकसान पहुंचता है। यह दांत में कैल्शियम की मात्रा कम कर देता है, जिससे दांतों की सड़न और मसूड़ों में सूजन होने की संभावना बढ़ जाती है। मसूड़े में सूजन की वजह से बैक्टीरिया बढ़ जाते हैं और दांतों में कीड़े भी लग सकते हैं। इससे दूसरे दांतों में भी कीड़ा लगने का खतरा बढ़ जाता है। जो नए दांत निकलने वाले होते हैं, उस पर भी बुरा प्रभाव पड़ सकता है। इस वजह से नए दांत आड़े-तिरछे निकलते हैं। इसके अलावा अधिक चॉकलेट खाने से बच्चों में चिड़चिड़ापन और नींद की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है।

**कराएं प्रॉपर डेंटल चेकअप:** अगर बच्चे के दांतों में लंबे समय तक कोई समस्या हो तो जल्द से जल्द दांतों के डॉक्टर के पास जाकर चेकअप और ट्रीटमेंट करवाना चाहिए। समय पर इलाज नहीं किया जाए तो दांतों से जुड़ी बीमारी या सड़न उसके अंदरूनी हिस्से तक पहुंच सकती है। इससे दांत पूरी तरह खराब हो सकते हैं, जिन्हें निकलवाना भी पड़ सकता है।



**पैरेंट्स सावधानी बरतें:** आठ-दस साल से कम उम्र के बच्चे नासमझ होते हैं। उन्हें अच्छे और बुरे का ज्ञान नहीं होता है, तो स्वाभाविक है कि उनके लिए माता-पिता को ही विशेष ध्यान रखना होगा। बच्चों को चॉकलेट खाना पसंद होता है, लेकिन इसे ज्यादा खाना कितना हार्मफुल हो सकता है, इसकी जानकारी उन्हें नहीं होती है। इस बारे में पैरेंट्स को उन्हें समझाना चाहिए। बच्चों को प्यार से समझाएं कि ज्यादा मीठा और चॉकलेट खाने से आपके दांत खराब हो जाएंगे तो आपको डॉक्टर से इंजेक्शन लगवाना होगा। आप खाना भी नहीं खा पाएंगे। अगर खाना ठीक तरह से नहीं खाएंगे तो मजबूत कैसे बनेंगे? ऐसा नहीं है कि बच्चों को चॉकलेट और मीठी चीजें बिल्कुल देना ही बंद कर दें। लेकिन मीठा खाने के बाद उनकी दांतों की साफ-सफाई पर भी जरूर ध्यान दें। अपने बच्चे को मिल्क चॉकलेट की जगह डार्क चॉकलेट दें, क्योंकि इसमें शुगर की मात्रा कम होती है। इसके साथ ही बच्चों को दिन में दो बार ब्रश जरूर कराएं। एक बार सुबह और दूसरी बार रात में खाने के बाद।

**(डेंटिस्ट डॉक्टर अमृत कश्यप से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप




बेरी। कार्यक्रम के दौरान पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करते हुए एसडीएम रेणुका नांदल। फोटो : हरिभूमि

### बेरी बीईओ के पद से सेवानिवृत्त हुए रमेश चौहान

**बेरी।** खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चौहान सोमवार को साढ़े 34 वर्ष की सेवा के बाद हुए सेवानिवृत्त हो गए। लघु सचिवालय परिसर स्थित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में एसडीएम रेणुका नांदल ने रमेश चौहान के सेवाकाल की प्रशंसा करते हुए स्वस्थ व दीर्घ जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने विभागीय दायित्वों को कुशलता पूर्वक निर्वहन किया तथा विभाग में अपनी अहम पहचान बनाई।

### युवती से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**बावल।** बावल थाना पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव से लड़की को अपने साथ ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया आरोपी पीड़िता के गांव का ही रहने वाला है। क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में बताया था कि गत 9 जून की रात को उसकी 21 वर्ष से बेटी घर में सो रही थी। रात को करीब दो-तीन बजे गांव का ही रहने वाला युवक छत के जरिए मकान में दाखिल हुआ और उनकी बेटी को जबरदस्ती अपने साथ ले गया। आरोपी युवक पहले से शादीशुदा है और दो बच्चों का पिता है। पुलिस ने थाना बावल में मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी।

### स्वास्थ्य कर्मियों को दिए लोगों की हीमोग्लोबिन जांच के निर्देश

# सीएमओ ने पीएचसी साल्हावास का किया औचक निरीक्षण

निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं ढांचागत सुविधाओं तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए की जा रही तैयारियों का मूल्यांकन करना रहा।



झज्जर। औचक निरीक्षण के दौरान अस्पताल आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सीएमओ डॉक्टर जयमाला। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सोमवार को सीएमओ डॉक्टर जयमाला द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र साल्हावास का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं, ढांचागत सुविधाओं तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए की जा रही तैयारियों का मूल्यांकन करना रहा। सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने विशेष रूप से बदलते मौसम में मच्छर जनित रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया आदि से बचाव के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में स्वास्थ्य कर्मियों को आने वाले प्रत्येक मरीज को मच्छरों से बचाव के उपायों जैसे मच्छरदानी का प्रयोग, रुके हुए पानी को हटाना, साफ-सफाई बनाए रखना आदि के प्रति जागरूक करना अनिवार्य है। उन्होंने एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक लेते हुए उन्हें आने वाले मरीजों की हीमोग्लोबिन जांच अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए ताकि समय रहते एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी की पहचान और उपचार सुनिश्चित किया जा सके।



बहादुरगढ़। दिनेश कौशिक को स्मृति चिह्न देते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

## भाजपाइयों ने किया लाइब्रेरी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भाजपा के विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक ने सोमवार को झज्जर मोड़ पर एक शिक्षण संस्थान में लाइब्रेरी का रिबन काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विशाल शास्त्री, सुखबीर सौलधा, संजय बराही, मनजीत बराही, टीनू लाइनपार, रणजीत दहिया, चंद्रपाल पाहसौर व सोनू छिकारा आदि मौजूद रहे। कौशिक ने कहा कि यहां बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी, बल्कि रोजगार भी सृजित होगा।

उन्होंने कहा कि शिक्षा परिवार के भविष्य को संवारती है। नई शिक्षा नीति से छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा मिला है। बच्चों को भी चाहिए कि वे बेहतर तरीके से परीक्षाओं की तैयारी करे और बेहतर परिणाम लाएं।

## आदर्श सौर गांव योजना का ग्राम पंचायतों में अच्छा रुझान, 668 आए आवेदन

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि जिले में चल रही आदर्श सौर गांव योजना को लेकर ग्राम पंचायतों में अच्छा रुझान देखने को मिल रहा है। योजना के तहत अब तक जिले के 29 चयनित गांवों से 668 सोलर वाटर पंप लगाने के लिए आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जबकि सोलर स्ट्रीट लाइट्स के लिए भी कई पंचायतें आगे आकर आवेदन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श सौर गांव योजना का उद्देश्य गांवों को पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाना है।

## केंद्रीय विद्यालय मातनहेल के होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। होनहार विद्यार्थी डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल एवं स्कूल स्टॉफ के साथ।

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले केंद्रीय विद्यालय मातनहेल के विद्यार्थियों को सोमवार को डीसी एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरपर्सन स्वप्निल रविंद्र पाटिल द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान डीसी ने विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए तथा उन्हें मिठाई खिलाकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप सभी ने विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। इसी तरह निरंतर मेहनत करते रहें और भविष्य में देश का नाम ऊंचा करें।

इस अवसर पर कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रितिका, द्वितीय स्थान पर रहे प्रतीत, तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले निखिल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



एसीपी ने जवानों को किया प्रेरित

झज्जर। पुलिस लाइन मैदान में परेड करते हुए जवान। फोटो : हरिभूमि

सोमवार को पुलिस लाइन मैदान में आयोजित साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस के जवानों ने दौड़ लगाई। एसीपी धर्मवीर सिंह ने जवानों को पूरी मेहनत व ईमानदारी से ड्यूटी करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एसीपी ने थाना और चौकियों में तैनात गाड़ियों का निरीक्षण करते हुए उनकी साफ सफाई रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि गाड़ियों पर तैनात कर्मचारियों के पास सभी अधिकारियों थाना प्रबंधक व चौकी प्रभारियों के संपर्क नंबर भी होने चाहिए। सभी गाड़ियों में दंगा विरोधी आवश्यक साजो सामान व अन्य जरूरी उपकरण होने चाहिए और पीसीआर, राइडर पर वायरलैस सेट दुरुस्त हालात में होने चाहिए।

इसके अलावा सभी गाड़ियों में जीपीएस सिस्टम लगा होना चाहिए गाड़ियों की आगे पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगी होनी। किसी भी समय आपको किसी अप्रिय घटना या लड़ाई झगड़े की सूचना मिलती है तो तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि अगर आपको कहीं पर भी किसी रोड एक्सीडेंट की घटना के बारे में पता चलता है तो तुरंत मौके पर पहुंचकर घायल को प्राथमिक उपचार करें और उसे जल्द से जल्द नजदीकी अस्पताल में पहुंचाएं। इस दौरान पुलिस लाइन अधिकारी निरीक्षक विजेंद्र, सेना लिपिक उप निरीक्षक सज्जन कुमार, एमटीओ रविंद्र कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हारे का सहारा है, मेरा श्याम धणी.. भजन पर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। संकीर्तन के दौरान भजन की प्रस्तुति देते हुए गायक कलाकार।

प्राचीन खाटू श्याम मंदिर में 32वें श्री श्याम मासिक संकीर्तन का आयोजन किया गया। मनमोहक फूलों से श्याम बाबा का श्रृंगार किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंच कर बाबा खाटू श्याम के दर्शन किए। मंदिर के पुजारी विनय तिवारी ने कहा कि जो भक्त बाबा के दर्शन करने आता है बाबा खाटू श्याम उनकी मनोकामना पूर्ण करते हैं। समिति सदस्य अंकुर गोयल ने बताया कि श्याम सेवा प्रचार मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भोले सांवरिया, हरीश कौशिक, सुरेंद्र बुद्धिराजा, हेमंत नंदा, रोहित कटारिया, गौरव कौशिक, मोहित वर्मा, सोनिया गेरा, मीनाक्षी वर्मा आदि स्थानीय गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। रोहित कटारिया ने श्रीगणेश व मां सरस्वती वंदना के साथ संकीर्तन का शुभारंभ किया।

इस दौरान हरीश कौशिक ने अपने साथी कलाकारों के साथ मंगल भवन अमंगल हारी, द्रवहु सुदशरथ अजर बिहारी, राम सिया राम सिया राम जय जय राम.. भजन सुनाकर श्रद्धालुओं का मन मोहा।

भजन गायक भोले सांवरिया ने हारे का सहारा है, मेरा श्याम धणी, भक्तों का दुलारा है, मेरा श्याम धणी.., सुरेंद्र बुद्धिराजा ने हारा हूं बाबा पर तुझ पे भरोसा है.., मीनाक्षी वर्मा ने मेरा तू ही तो हमदर्द है जिसे हर दर्द कहता हूं.., हेमंत नंदा ने मोर छड़ी, लहराई रे, रसिया, ओ सांवरा, तेरी बहुत बड़ी संकलाई रे...आदि भजन सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर किया। इस मौके पर चंद्रभान, कृष्ण रोहिला, संदीप सैनी, अंकुर, राहुल रोहिला, सुशील, श्याम गौरव गुप्ता, सतीश, रवि गेरा सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।



झज्जर। जयंत को सर्वश्रेष्ठ आर्यवीर का सम्मान प्रदान करते आचार्य विजयपाल।

## जयंत को मिला सर्वश्रेष्ठ आर्यवीर का सम्मान

**झज्जर।** गुरुकुल महाविद्यालय में 23 से 29 जून तक सात दिवसीय आर्य वीर दल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आए आर्य वीरों ने अनुशासन, योग, शारीरिक प्रशिक्षण, स्वदेशी कौशल और वैदिक संस्कृति पर आधारित विविध प्रशिक्षण सत्रों में भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर गुरुकुल के अधिष्ठाता आचार्य विजयपाल द्वारा जयंत को सर्वश्रेष्ठ आर्यवीर के सम्मान से नवाजा गया। शिविर के समापन पर डीसीपी जसलीन कौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने आर्य वीरों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे शिविर युवाओं को चरित्र, नेतृत्व और राष्ट्रसेवा के लिए तैयार करते हैं। हमें अपने संस्कारों पर गर्व होना चाहिए। शिविर के दौरान योग, नैतिक शिक्षा, वेदपाठ, शारीरिक व्यायाम, राष्ट्रगीत, ध्वजारोहण व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तीन स्थानों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। सिलाई प्रशिक्षण की शुरुआत पर उपस्थित प्रशिक्षणार्थी महिलाएं व संस्थान पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार को सिलाई प्रशिक्षण की शुरु किया गया है। शिविर के शुभारंभ अवसर पर संस्थान के निदेशक उमेश गोरिया ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को तभी सार्थक किया जा सकता है जब युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार शुरु करें। ऐसा करके दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर प्रदान कर सकते हैं।

उन्होंने सिलाई के प्रशिक्षण के महत्व से भी प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण पाकर अपने व्यवसाय को बढ़ा सकते हैं। प्रशिक्षिका प्रिया ने बताया कि इस शिविर में 28 महिलाओं द्वारा भाग लिया जा रहा है। इसके अलावा क्षेत्र के गांव नंगला में महिलाओं के लिए ब्यूटी पार्लर संबंधी प्रशिक्षण शुरू किया गया है जिसमें प्रशिक्षिका शालू द्वारा भागीदारी करने वाली 32 महिलाओं को प्रशिक्षण देंगी और डावला गांव में जूट उत्पाद निर्माण पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है जिसमें 33 महिला प्रशिक्षणार्थी भाग ले रही हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं, महिलाओं और बेरोजगार वर्ग को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना है।




झज्जर। डॉक्टर-डे के उपलक्ष्य में भदाना गांव की चौपाल में बनाया रंगोली रेखाचित्र।

## रेखाचित्र बनाकर जताया चिकित्सकों का आभार

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा द्वारा वर्ल्ड डॉक्टर-डे के उपलक्ष्य में एक रेखाचित्र बनाकर चिकित्सकों के प्रति आभार प्रदर्शित किया। रेखाचित्र के माध्यम से संदेश दिया गया कि हमें चिकित्सकों का पूरा सम्मान करना चाहिए। उनके कार्य पर पूर्ण विश्वास करके उनके प्रति अपनी श्रद्धा बनाए रखनी चाहिए। इसके अलावा चिकित्सकों को भी अपने कर्त्तव्य के प्रति सजग रहकर लोगों की निःस्वार्थ भावना से सेवा करनी चाहिए। इस चौपाल रंगोली में पूर्व सैनिक देवीदत्त शर्मा, सूबेदार सुभाष शर्मा, राजेश्वर शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, अमीर सिंह, रामवतार शर्मा, केशव शर्मा, अर्जुन शर्मा, अलीशा शर्मा ने डॉक्टरों के कार्य के प्रति अपना आभार प्रदर्शित किया।

## स्टेशन पर रेल यात्री का पर्स चोरी

**रेवाड़ी।** दिल्ली से अटेली के लिए ट्रेन में सवार हुए एक यात्री का पर्स चोरी हो गया। जीआरपी को दर्ज शिकायत में महेंद्रगढ़ के बाछौद गांव निवासी शुभम यादव ने बताया कि वह दिल्ली से घर आने के लिए पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर टिकट ले रहा था। इसी दौरान किसी ने उसकी जेब से पर्स चोरी कर लिया। ट्रेन चलने का टाइम होने के कारण वह वहां एफआईआर दर्ज नहीं करा सका। पर्स में उसके आवश्यक दस्तावेज थे। जीआरपी ने उसकी शिकायत पर जीरो एफआईआर दर्ज करते हुए उसे पुरानी दिल्ली जीआरपी को प्रेषित कर दिया।

## अकेहड़ी मदनपुर से मिले शव की हुई शिनाख्त पानीपत जिले का रहने वाला था मृतक सुखविंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के अकेहड़ी मदनपुर पंप हाउस में मिले व्यक्ति के शव की शिनाख्त हो गई है। मृतक की पहचान पानीपत जिले के काबड़ी निवासी सुखविंद्र पुत्र नन्हूराम के तौर पर हुई है। अस्पताल परिसर में मौजूद मृतक के भाई धर्मवीर ने बताया कि उसका भाई सुखविंद्र बीती 23 जून को करनाल जिले में अपनी ससुराल गया हुआ था। उसने अज्ञात कारणों के चलते वहां से गुजरती नहर में छलांग लगा दी। नहर किनारे से उसकी स्कूटी, फोन आदि मिले थे जिसके बाद लगातार उसकी तलाश की जा रही थी। पुलिस द्वारा शिनाख्त कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। बता दें कि बीती 28 जून को अकेहड़ी मदनपुर पंप हाउस से शव बरामद हुआ था। कर्मचारियों द्वारा सूचना दिए जाने उपरांत पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कर्मचारियों की सहायता से शव को पानी से बाहर निकलवाया और शिनाख्त के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल के शवगृह में आगामी 72 घंटों के लिए रखवा दिया था।



झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी।

## एनीमिया एलिमिनेशन माह की शुरुआत आज से

- टेस्ट, ट्रीट, टॉक एवं ट्रैक की रणनीति का होगा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

### एनीमिया पीड़ित लोगों की पहचान कर वितरित की जाएंगी दवाएं

एनीमिया मुक्त हरियाणा कार्यक्रम के अंतर्गत इस माह के भीतर युवाओं, गर्भवती महिलाओं व 15 से 49 वर्ष तक की प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं में एनीमिया की जांच की जाएगी। पीड़ित लोगों की पहचान के बाद उनमें आयरन व फोलिक एसिड की गोलियां वितरित की जाएगी।

एनीमिया मुक्त हरियाणा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जुलाई महीने को एलिमिनेशन माह के रूप में मनाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत लोगों में रक्तजांच कर एनीमिया का पता लगाते हुए उनका उपचार किया जाएगा। इसके अलावा जहां ऐसे लोगों को पौष्टिक आहार व उचित खान-पान के प्रति भी जागरुक किया जाएगा वहीं उचित समय पर फिर से टेस्ट करके यह भी पता किया जाएगा कि उनमें एनीमिया ठीक हुआ या नहीं। कार्यक्रम के सुचारू कार्यांवयन के लिए जिले के सभी वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों व प्रभारियों को सीएमओ डॉक्टर जयमाला व एनीमिया मुक्त भारत की नोडल अधिकारी डॉक्टर पूनम बिश्नोई द्वारा वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जानकारी भी दी गई। उन्होंने बताया कि एनीमिया एक गंभीर समस्या है। जिसका समय रहते उपचार नहीं कराया गया तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। एनीमिया के रोगी को आयु अनुसार आयरन, फोलिक एसिड की खुराक दी जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए जुलाई को एनीमिया एलिमिनेशन माह के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत टेस्ट, ट्रीट, टॉक व ट्रैक रणनीति का उपयोग किया जाएगा।

## आज खुलेंगे स्कूल: छुट्टियों के साथ मौज-मस्ती होगी खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गर्मी की छुट्टियों में पढ़ाई से ज्यादा बच्चों की मौज-मस्ती ही होती है। छुट्टी के नाम पर ही उनके चेहरे चहकने लगते हैं। बच्चे इसी इंतजार में रहते हैं कि ग्रीष्मावकाश हो और उन्हें सैर-सपाटा करने का भरपूर मौका मिले। सोमवार को गर्मियों की छुट्टियों का अंतिम दिन था और इसके साथ ही मंगलवार से पढ़ाई की कक्षाएं दोबारा शुरू हो जाएंगी।

ग्रीष्मावकाश के बाबत पूछने पर विद्यार्थियों ने छुट्टियों के दौरान की गई मौज-मस्ती का उत्साहपूर्वक बयां किया। निक्की वर्मा ने बताया कि इस साल छुट्टियों में बहुत मजा आया। पढ़ाई की चिंता से दूर जीभर के घूमने को मिला। दिव्या दराल ने बताया कि छुट्टियों के दौरान कई कार्यक्रमों में मस्ती करने का अच्छा मौका मिला। अब सारी मस्ती खत्म और स्कूल खुलने का समय आ गया। श्वेता मान ने कहा कि छुट्टियां ज्यादा रहती तो और मजा आता, लेकिन अब पढ़ाई के साथ परीक्षाओं की तैयारी करनी हैं। अराध्या गहलावत ने बताया कि छुट्टियों में पापा-मम्मी के साथ कई जगह घूमने को मिला। अब स्कूल खुलने पर अच्छे नंबर पाने के लिए जम कर मेहनत करनी पड़ेगी। रियांशु को गर्मी की छुट्टी खत्म होने के साथ ही पढ़ाई की चिंता सताने लगी है।

छुट्टी कैसे खत्म हुई पता ही नहीं चला। आयुष गुप्ता ने कहा कि छुट्टी तो थोड़े दिन की होती है, लेकिन पढ़ाई जीवन भर काम आती है। इसलिए जम कर पढ़ना है, कुछ बन कर दिखाना है। परीक्षित ने कहा कि छुट्टी का मतलब ही मस्ती होता है। लेकिन स्कूल खुलने के बाद अब शुरू होगी पढ़ाई।

**सूचना**

मैं, अरनव सिंह (Arnav Singh) पुत्र श्री यशबीर सिंह (Yashbir Singh) निवासी मकान नंबर 890, सेक्टर-9, करनाल (हरियाणा) बयान करता हूं मैंने अपना नाम बदलकर अरनव (Arnav) से अरनव सिंह (Arnav Singh) रख लिया है। भविष्य में मुझे अरनव सिंह (Arnav Singh) नाम से जाना व पहचाना जावे।

**सूचना**

मैं, कृष्ण पुत्र रामे निवासी दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा छोटा पुत्र रोहित मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए अच्छे बुरे कार्यों व लेन देन व किसी प्रकार के कानूनी व गैर कानूनी कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# नेहरू कॉलेज में 209 विद्यार्थियों ने करवाई फीस जमा

- स्नातक कक्षाओं की दूसरी मेरिट लिस्ट का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विभिन्न कॉलेजों की बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए और बीबीए आदि स्नातक कक्षाओं की पहली मेरिट लिस्ट के दाखिलों की प्रक्रिया बंद होने के बाद अब दूसरी मेरिट लिस्ट का इंतजार है। दूसरी मेरिट लिस्ट तीन जुलाई को जारी होगी। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि पहली मेरिट लिस्ट में नाम आने के बाद जो विद्यार्थी ऑनलाइन फीस जमा करवा चुके हैं, उन्हे दस्तावेजों की जांच के लिए कॉलेज आना होगा।



झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में दस्तावेजों की जांच करवाते हुए विद्यार्थी।

### दूसरी मेरिट लिस्ट आएगी तीन जुलाई को


डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि दूसरी मेरिट लिस्ट तीन जुलाई को जारी होगी। ओपन काउंसलिंग नौ जुलाई से शुरू होगी। खाली सीटों को भरने के लिए एडमिशन पोर्टल भी दस जुलाई को दोबारा खुलेगा।

### 556 विद्यार्थियों की पहली मेरिट लिस्ट जारी

*डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि नेहरू कॉलेज में यूजी कक्षाओं की 1200 सीटों के लिए 1567 आवेदन किए गए थे। इन सीटों पर दाखिलों के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग ने वीरवार को 556 विद्यार्थियों की पहली मेरिट लिस्ट जारी की थी। इनमें बीए के 272, बीएससी फिजिकल साइंस के 42, बीएससी लाइफ साइंस के 50, बीएससी गणित के 33, बीकॉम के 30, बीसीए के 74 तथा बीबीए के 55 विद्यार्थियों की जारी की गई थी। नेहरू कॉलेज में विभिन्न कक्षाओं में सोमवार शाम तक 209 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन फीस जमा करवाई है। इनमें बीए के 120, बीएससी फिजिकल साइंस के 16, बीएससी लाइफ साइंस के 16, बीएससी गणित के सात, बीकॉम के 14, बीसीए के 24 तथा बीबीए के 12 विद्यार्थियों ने फीस जमा करवाई है।*

## आईटीआई से सेवानिवृत्त हुई राजदेवी

बहादुरगढ़। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार को हिंदी भाषा अध्यापिका राजेश देवी के सेवानिवृत्त होने पर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। राजेश देवी ने 26 वर्ष संस्थान में अपनी सेवाएं दी। संस्थान के स्टॉफ ने उनके बहुमूल्य योगदान को याद करते हुए सम्मान व्यक्त किया। इस दौरान प्रधानाचार्य गीता आर सिंह ने उन्हें सम्मानित किया। संस्थान की ओर से उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया गया। अधीक्षक दिलावर सिंह, पिंकी देवी, आशा, सावित्री, मोनिका, पिंकी, सुमन, उमा जीआई, देवेंद्र नरवाल जीआई, नरेंद्र शर्मा, बिजेंद्र दलाल आदि ने उनके उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की।



बहादुरगढ़। सेवानिवृति पर राज देवी का सम्मान करती अनुदेशिका मोनिका।

## इंग्लैंड में धूमधाम से मनाया 8वां जाट मेला

# मेले का उद्देश्य भारतीयों को संस्कृति से जोड़े रखनाः रोहित





बहादुरगढ़। लंदल में हुए मेले में प्रस्तुति देती हरियाणवी मूल की महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

- कबड्डी, गोला फेंक, रस्साकस्सी और मटका रेस जैसे पारंपरिक खेलों का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जाट समाज युके संगठन ने लंदन में 8वां जाट मेला आयोजित किया। बहादुरगढ़ निवासी काउंसलर रोहित अहलावत ने बताया कि जाट मेले का मुख्य उद्देश्य इंग्लैंड में रहने वाले भारतीयों को उनकी संस्कृति से जोड़े रखना है। इसके माध्यम से समाज में एकता, भाईचारे को बढ़ावा देने और युवाओं का सही मार्गदर्शन करने का प्रयास किया जाता है। ग्रामीण संस्कृति और भाईचारे का प्रतीक जाट मेला इस वर्ष भी पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। मेले में कबड्डी, गोला फेंक, रस्साकस्सी और मटका रेस जैसे पारंपरिक देसी खेलों का आयोजन हुआ। जिसमें युवाओं और बुजुर्गों ने बराबर की भागीदारी दिखाई। खेल प्रतियोगिताओं के साथ ही मेले में देशी खान-पान छाया रहा। देशी कढी चावल, पेठा पूरी, सवाहली, गुलगले, देशी घी की जलेबी, घेवर और छाछ जैसे पारंपरिक व्यंजनों ने मेहमानों का दिल जीत लिया। महिलाओं की विशेष भागीदारी ने मेले को और भी जीवंत बना दिया। साक्षी सिंह, सुनीता ग्रेवाल रावत और श्रुति दहिया ने लोक नृत्य प्रस्तुत कर ग्रामीण संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। कोलड़े वाली दुलहंडी ने सबका मन जीत लिया। लंदन में जन्मे अव्युक्त अहलावत ने देशी गाने पर नाचकर अपनी शानदार प्रस्तुति दी।

### ये रहे मौजूद

*कार्यक्रम में भारत से कई जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत कर आयोजन की शोभा बढ़ाई। इनमें राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, सेवानिवृत्त जनरल अजय सिंह, राजकुमार चौहान, एडिशनल एडवोकेट जनरल अविजित सिंह आदि ने भारतीय संस्कृति, संविधान की मजबूती, न्याय प्रणाली में प्रवासी योगदान और युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। मेले के आयोजन में प्रवीण अहलावत, विक्रम रावत, विजय राठी, तेजपाल सिंह, हरीश दहिया, कुलदीप अहलावत, सुखविंदर नारा, लोकेश मान, विकास धनखड़, सुधीर डागर, संजय देशवाल, अनिल मलिक व दुष्यंत तोमर ने विशेष सहयोग दिया।*

### छोटूराम नगर के निवासियों ने की मूलभूत सुविधाओं की मांग

# गंदगी से अटी गलियां, लोगों का निकलना मुश्किल



बहादुरगढ़। छोटूराम नगर की गली में भरा सीवर का गंदा पानी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र के साथ सटी श्रमिकों की कॉलोनी छोटूराम नगर के निवासी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। सीवर व्यवस्था चौपट होने के कारण बदबूदार गंदगी से अटी गलियों से लोगों का आवागमन तक मुश्किल हो गया है। नरकीय माहौल से नाराज छोटूराम नगर निवासी लगातार अपना रोष प्रकट कर रहे हैं। हरिकरण सिंह, अमित शर्मा, नारायण, पन्नालाल, रमेश, सुमन, जितेंद्र, छोटेलाल, मंगल सिंह, सियाराम, आनंद, बलवान, विक्रम व दिनेश आदि ने कहा कि चुनाव के समय तो नेताओं ने सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का वायदा किया था। लेकिन अब नेता अपने वायदे व कथनी को भूल गए हैं। काजल, सुमन, संध्या, ममता व सरस्वती आदि ने कहा कि उनकी गलियों में सीवर का पानी भरा रहता है। सीवरेज व्यवस्था चौपट है। इस कारण गली में गंदा पानी जमा रहता है। गंदे पानी के सड़ जाने से बदूब मारती रहती है। अब उन्हें डर सताने लगा है कि कहीं गंदे पानी के सड़ने के कारण उनके क्षेत्र में गंभीर बीमारियां न फैल जाए। महिलाओं ने हरियाणा सरकार के स्वच्छता अभियान पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, भाजपा नेता व सरकारी अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। सरकार को स्वच्छ हरियाणा स्वस्थ हरियाणा बनाना है तो श्रमिकों के इस छोटूराम नगर में मूलभूत सुविधाएं दिलवाए।



झज्जर। महाप्रबंधक जितेंद्र यादव को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए शहर के प्रबुद्धजन।

## जितेंद्र यादव ने संभाला दी झज्जर केंद्रीय सहकारी बैंक में महाप्रबंधक का कार्यभार

झज्जर। दी झज्जर केंद्रीय सहकारी बैंक में महाप्रबंधक के पद पर जितेंद्र यादव ने कार्यभार संभाल लिया है। सोमवार को शहर के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा बैंक मुख्यालय पहुंच कर नव नियुक्त जितेंद्र यादव को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर यादव महासभा के पूर्व प्रधान वीरेंद्र दरोगा, वरिष्ठ अधिवक्ता राव उदयभान, जयप्रकाश शर्मा, प्रकाश धनखड़, राव बलजीत सिंह, राव दलपत, पूर्व पार्षद राव नाहर सिंह, यादव महासभा के पूर्व उपप्रधान संजय यादव व संतराम नंबरदार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

बेरी। वीरवार को लघु सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों पर चर्चा की गई। शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में नागरिक परिवार पहचान पत्र, बिजली निगम, राजस्व विभाग, पंचायती विभाग आदि से संबंधित शिकायत लेकर नागरिक पहुंचे। उन्होंने समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों को समयबद्ध और प्रभावी समाधान प्रदान करना है।



बेरी। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

## भानू प्रताप की हत्या में पत्नी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

यूपी मूल के भानू प्रताप की हत्या के मामले में शहर थाना पुलिस ने मृतक की पत्नी को गिरफ्तार किया है। रविवार को पत्थर व धारदार हथियार से उसकी हत्या की गई थी। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया। वारदात में मृतक की पत्नी के साथ ही अन्य व्यक्ति की भूमिका से भी इंकार नहीं किया जा सकता। बता दें कि श्यामजी कांपलेक्स के साथ लगती गली में कुछ प्रवासी परिवार रहते हैं। उत्तर प्रदेश के हरदोई का रहने वाला 37 वर्षीय भानू प्रताप भी मकान के एक कमरे में रहता था। वह एक ढाबे पर काम करता था। रविवार की सुबह कमरे में भानू का खून से लथपथ शव मिला था। वारदात के समय भानू की पत्नी भी कमरे में थी। मृतक के बड़ा भाई राघवेंद्र की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने अभियोग अंकित कर जांच शुरू कर दी थी। एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए थे। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया। राघवेंद्र के अनुसार उसकी भाभी कुसुम ने उसे बताया कि भानू प्रताप कई दिन से उसके साथ झगड़ा कर रहा था और शनिवार रात को भी उनमें झगड़ा हुआ था। इसके बाद भानू प्रताप बैड पर सो गया था। कुसुम ने गुस्से में आकर अपने कमरे से ही चाकू उठाकर उसकी गर्दन पर चोट मार दी औऱ बाद में एक ईंट उठाकर उसके सिर पर कई प्रहार किए थे। पुलिस के आने से पहले कुसुम मौके से भाग गई थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## समाधान शिविर में एसडीएम नसीब ने किया शिकायतों का समाधान



बहादुरगढ़। समाधान शिविर में आमजन की समस्या सुनते एसडीएम नसीब कुमार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के लघु सचिवालय में सोमवार को आयोजित हुए समाधान शिविर में एसडीएम नसीब कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और मौके पर उनके समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का मौके पर ही समाधान होने से नागरिकों का शासन-प्रशासन पर भरोसा बढ़ता जा रहा है। सोमवार को लगे शिविर में नागरिक परिवार पहचान पत्र, बिजली निगम, राजस्व विभाग, पंचायती विभाग आदि से संबंधित शिकायत लेकर नागरिक एसडीएम कार्यालय पहुंचे। एसडीएम नसबीर कुमार ने शिविर में विभिन्न प्रकार की शिकायत लेकर आए नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को अविलंब समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देशों पर नागरिकों की शिकायतों के समाधान के लिए समाधान शिविर आयोजन किए जा रहे हैं। सभी विभागों के अधिकारी शिविर में उपस्थित रहते हैं व नागरिकों की शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जाता है।

## बिजली के रेट में बढ़ोतरी की आलोचना

बहादुरगढ़। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने बिजली दरों में बढ़ोतरी करने और फिक्स चार्ज लगाने की कड़ी आलोचना की है। संगठन हरियाणा सरकार द्वारा बढ़ाई गई बिजली दरों, फिक्स चार्ज, स्मार्ट मीटर व बिजली के निजीकरण के खिलाफ आंदोलन तेज करेगा।

प्रदेश अध्यक्ष अनूपसिंह मातनहेल तथा सचिव जयकरण मांडोठी ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा घाटे का बहाना बनाकर 2023 से फ्यूल सरचार्ज लगाकर उपभोक्ताओं से 47 पैसा प्रति यूनिट पहले ही वसूल किए जा रहे हैं। एडवांस सिक्योरिटी के नाम से उपभोक्ताओं की अलग से जेब काटी जा रही है। अब फिक्स चार्ज लगाकर तथा बिजली दरों में बढ़ोतरी करके मंहगाई की मार से जूझ रही जनता की कमर तोड़ दी है। बिजली जनता की मूलभूत आवश्यकता है। इसे घाटे या मुनाफे के तराजू से नहीं तोला जा सकता। सरकार प्राइवेट कंपनियों के स्वार्थ में इसे खरीद बेच की वस्तु में तब्दील करने पर आमादा है।

# अरहान व आहना ने जीती शतरंज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। विजेता शतरंज खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते आयोजक।

झज्जर शतरंज एसोसिएशन द्वारा सेक्टर-2 स्थित केआर मंगलम वर्ल्ड स्कूल में राज्य स्तरीय चेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल प्रिंसिपल अर्पिता आचार्या और एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष वीबी कश्यप ने विजेतओं को पुरस्कृत करते हुए प्रोत्साहित किया। बता दें कि राज्य स्तरीय शतरंज मुकाबले में केवल अंडर 11 व 17 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया था। अंडर-17 आयुवर्ग में लड़कों की ओपन स्पर्धा में अरहान जैन प्रथम, अर्शप्रीत सिंह द्वितीय और सक्षम तीसरे नंबर पर रहे। जबकि लड़कियों में आहना गुलाटी पहले, सौम्या दूसरे और रिद्धिका कोटिया तीसरे नंबर पर रही। वहीं अंडर-11 आयुवर्ग में लड़कों की ओपन स्पर्धा में व्योम मल्होत्रा प्रथम, वैराज सोगरवाल द्वितीय और अर्णव गोयल तृतीय स्थान पर रहा। वहीं लड़कियों में अनन्या आनंद प्रथम, जीनत द्वितीय और जसनूर तीसरे स्थान पर रही।

### विजेताओं को किया पुरस्कृत

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष वीबी कश्यप ने बताया कि प्रथम पुरस्कार जीतने पर 3 हजार रुपए और ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 2500 रुपए व ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार के तौर पर 2 हजार रुपए व ट्रॉफी, चौथे स्थान पर आने वाले को 15 सौ रुपए व पदक तथा 5वें से 10वें स्थान के लिए 1000 रुपए व मेडल देकर विजेताओं को प्रोत्साहित किया गया।



बहादुरगढ़। प्री प्लेसमेंट मेले में भाग लेती महिला आईटीआई की छात्राएं।

## महिला आईटीआई में लगा प्री प्लेसमेंट मेला

बहादुरगढ़। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहादुरगढ़ की महिला विंग में सोमवार को प्री प्लेसमेंट मेले का आयोजन किया गया। इसमें 3 कंपनी के प्रतिनिधियों ने विभिन्न ट्रेड्स की छात्राओं का इंटरव्यू लिया। प्रधानाचार्या मायामंती ने बताया कि कंपनियों के प्रतिनिधियों ने इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिक, कोपा, सेविंग टेक्नोलॉजी, ड्रेस मेकिंग, फैशन डिजाइन तकनीकी व एंब्रॉयडरी की 64 छात्राओं का साक्षात्कार लिया। कंपनी द्वारा चयनित छात्राओं की सूची जल्द ही सार्वजनिक की जाएगी। उन्होंने बताया कि छात्राओं के पास यह सुनहरा अवसर है। परीक्षा उपरांत चयनित छात्राओं को कंपनी द्वारा ज्वाइन करवा लिया जाएगा। इससे छात्राएं इन कंपनियों में अपने कौशल को निखारते हुए अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकेंगी।

**सम्मान** विधायक राजेश जून ने पहलवानों को 5100-5100 रुपये देकर किया प्रोत्साहित

# सोनू अखाड़े में विजेताओं का किया अभिनंदन

- पहलवान लख्खू ने भी विजेता पहलवानों को नकद धनराशि देकर पुरस्कृत किया
- संजय दलाल ने जिला परिषद की ओर से अखाड़े में 11 लाख रुपये से कुश्ती हॉल बनवाने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सोमवार को हिंद केसरी सोनू पहलवान के अखाड़े में पदक विजेता पहलवानों का नागरिक अभिनंदन किया गया। इसमें विधायक राजेश जून व जिला पार्षद संजय दलाल ने पदक विजेता पहलवानों, अर्जुन अवार्डी कोच धर्मेंद्र दलाल व ओमबीर सिंह को सम्मानित किया। बता दें कि हिंद केसरी सोनू अखाड़े के पहलवान सुमित दलाल ने वर्ल्ड मिलट्री कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। यह प्रतियोगिता जर्मनी में 22 से 28 जून तक आयोजित हुई। इससे पहले अंडर-23 एशिया चैम्पियनशिप में भी सुमित ने गोल्ड मैडल जीता था। वियतनाम में 18 से 26 जून तक हुई एशिया चैम्पियनशिप में पहलवान अर्जुन रूहल ने 92 किलो भारवर्ग की फ्री स्टाईल कुश्ती में गोल्ड मैडल और पहलवान हरदीप छिल्लर ने 110 किलो भारवर्ग की ग्रीको रोमन स्पर्धा में गोल्ड मैडल हासिल किया था। तीनों विजेता पहलवानों का अखाड़े में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। विधायक राजेश जून ने विजेता पहलवानों को 5100-5100 रुपए देकर प्रोत्साहित किया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। जून ने अखाड़ा संचालक सोनू पहलवान और धर्मेंद्र पहलवान की मेहनत को भी सराहा। पहलवान लख्खू ने भी विजेता पहलवानों नकद धनराशि देकर पुरस्कृत किया। जिला पार्षद संजय दलाल ने भी पहलवानों को आशीर्वाद दिया। साथ ही जिला परिषद की ओर से अखाड़े में 11 लाख रुपए से कुश्ती हॉल बनवाने की घोषणा की।



बहादुरगढ़। विजेता पहलवानों को सम्मानित करते विधायक राजेश जून व अन्य।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर योगेश सिलानी, अर्जुन अवार्डी कोच ओमबीर सिंह, सुधीर कोच, रिंकू कोच, अनुराग कोच, सेठी पहलवान, मुकेश, कृष्ण, रामकिशन जाखोदा, संजय रूहल, पवन जाखोदा, पूर्व सरपंच विकास, पातर सिंह, सतेंद्र रूहल, राहुल, स्वरूप, राकेश, बलजीत, जितेंद्र, विरेंद्र व सोनू आदि मौजूद रहे।*